पंजाब केसरी 28/09/2024

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में स्वच्छता पर हुई नारा लेखन प्रतियोगिता, चाहत रही प्रथम

अम्बाला, 27 सितम्बर (बलराम): फर्स्ट एच.आर. हरियाणा गर्ल्स बटालियन के आदेशानुसार गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज की एन.सी.सी. गर्ल्स विंग ने कॉलेज के विद्यार्थियों में स्वच्छता और पर्यावरण जागरुकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। चाहत ने प्रथम स्थान, योगिता शर्मा को दूसरा और राधिका ने तीसरा स्थान हासिल किया।

कार्यवाहक प्राचार्या डा. सीमा कंसल के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम में स्वच्छता और स्थिरता के संदेशों को फैलाने में रचनात्मक अभिव्यक्ति के महत्व पर बल दिया गया। इसमें 35 कैडेट्स ने बड़े उत्साह के साथ भाग लेकर स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिभा और समर्पण का प्रदर्शन किया। सी.टी.ओ. डा. तृप्ति शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की पहल छात्रों को स्वच्छता अभियानों में सक्रिय रूप से भाग लेने और स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए प्रोत्साहित करती है।

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज की एन.सी.सी. गर्ल्स विंग द्वारा आयोजित नारा लेखन प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। (देवदत्त)